Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
CIN No. : U85100BR2010SGC015886

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांक : BMSIC/80015/27-2021/5437 दिनांकः– 21/09/2024

प्रेषक,

मुख्य महाप्रबंधक (परि0),
BMSICL, पटना

सेवा में,

M/s Trilok Associates,
H.N-A-209, Saurabh vihar,
Jaitpur, Badarpur, New Delhi

विषयः मधुबनी जिलान्तर्गत विधान सभा क्षेत्र 37, 38, 39 एवं 40 के अंतर्गत चल रहे विभिन्न हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य को पूर्ण नहीं करने के कारण डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः–निगम का पत्रांक–4838 दिनांक 04.09.2024

महाशय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में कहना है कि **मधुबनी जिलान्तर्गत विधान सभा क्षेत्र 37, 38, 39 एवं 40 के अंतर्गत चल रहे विभिन्न हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण कार्य** हेतु आपके फर्म को निगम के पत्रांक 8004 दिनांक 21.01.2022 द्वारा कार्यादेश निर्गत किया गया है। कार्यादेश के अनुसार कार्य पूर्णता की अवधि 15 माह अर्थात् दिनांक 20.04.2022 तक प्रावधानित है, जबकि कार्य पूर्णता की तिथि समाप्त होकर 28 माह से अधिक व्यतीत हो जाने के बावजूद भी आपके द्वारा अभी तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है एवं कार्य अत्यंत धीमी गति से कराया जा रहा है जो घोर लापरवाही एवं शिथिलता का द्योतक है। जिसके कारण सरकार के जन–उपयोगी एवं जन–हित संबंधी इस अति–महत्त्वकांक्षी परियोजना का निर्माण ससमय पूर्ण नहीं कराया जा सका है। इसके फलस्वरूप इस निगम के प्रासंगिक पत्र के द्वारा आपसे स्पष्टीकरण की माँग की गई है, आपके फर्म के द्वारा स्पष्टीकरण दिनांक 17.09.2024 को निगम को प्राप्त है, जो कि मनगढ़ंत एवं सत्य से इतर है, जो आपके कार्य के प्रति लापरवाही का द्योतक है।

अतः उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विषयांकित कार्य को ससमय पूर्ण करने के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही के कारण आपको बिहार ठेकेदारी नियमावली 2007 की कंडिका 11 (क) (ii) एवं एकरारनामा के सुसंगत कंडिका में वर्णित प्रावधानों के तहत् आपके फर्म को कार्य पूर्ण होने अथवा अगले एक साल तक जो भी पूर्व में हो, किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित (डिबार) किया जाता है।

इस प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

O/C

विश्वासभाजन

21/09/24

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80015/27-2021/5437 दिनांकः– 21/09/2024

प्रतिलिपिः–उपमहाप्रबंधक (परि0), मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/09/24

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSICL/80015/27-2021/5437 दिनांकः– 21/09/2024

प्रतिलिपिः– सभी महाप्रबंधक BMSICL महाप्रबंधक (वित्त) एवं सभी उपमहाप्रबंधक, BMSICL, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/09/24

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
2nd & 3rd Floor, Swasthya Bhawan, Behind IGIMS, Sheikhpura,
Adjacent to State Health Society, Patna 800014, Bihar.
Phone/Fax: +91-6122283287, +91-6122283289
www.bmsicl.gov.in

ज्ञापांकः– BMSIC/80015/27-2021/5437

दिनांकः– 21/09/2024

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना / प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पुल निर्माण निगम लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, भवन निर्माण विभाग निगम लि0, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल उद्योग भवन, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निगम लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना एवं सभी कार्य विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

21/09/24

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

प्रतिलिपिः–प्रबंध निदेशक महोदय, BMSICL पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

21/09/24

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80015/27-2021/5437

दिनांकः– 21/09/2024

प्रतिलिपिः–श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम) BMSICL को सूचनार्थ एवं निदेश दिया जाता है कि प्राप्त पत्र को BMSICL के बेवसाईट पर Upload किया जाए।

21/09/24

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)